>

Title: Regarding training of teachers by N.I.O.S.- Laid.

श्रीमती रेखा अरुण वर्मा (धौरहरा): वर्तमान समय में पूरे देश में मान्यता प्राप्त लाखों अप्रशिक्षित विद्यालय संचायिलत हैं । उन विद्यालयों में लाखों अध्यापक कार्यरत हैं, जिन्हें दो वर्ष सरकार ने एन.आई.ओ.एस. के द्वारा प्रशिक्षित कराने का कार्य किया है, किन्तु फिर भी अभी लाखों अप्रशिक्षित अध्यापक प्रशिक्षण लेने से वंचित रह गए हैं जो पहली बार इस विद्या को जान नहीं पाए ।

अत: मेरा आग्रह है कि एन.आई.ओ.एस. के माध्यम से अप्रशिक्षित अध्यापकों को प्रशिक्षित करने का एक मौका और देने का कष्ट करें ।